**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2793**
**बुधवार, 3 अगस्त, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**आईएमडी में स्थानांतरण/तैनाती**

**†2793. श्रीमती रेखा अरूण वर्मा :**
**श्री विनायक भाउराव राऊत:**
**श्री गिरिधारी यादव:**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या दुर्गम राज्य क्षेत्रों विशेषकर उत्तर पूर्व भारत में तैनात भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के कर्मचारियों/अधिकारियों को अपना कार्यकाल पूरा होने के तुरंत बाद उन्हें अपनी पसंद के राज्यों में तैनात नहीं किया जाता है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) दुर्गम राज्य क्षेत्रों में अपना कार्यकाल पूरा कर चुके ऐसे कितने राज्य-वार/क्षेत्र-वार कर्मचारी/अधिकारी हैं, जो अभी भी अपनी पसंद के स्थान पर स्थानांतरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं;
(घ) आईएमडी के कितने कर्मचारी/अधिकारी हैं, जो कभी भी दुर्गम राज्य क्षेत्रों में तैनात नहीं हुए हैं और/या यदि तैनात होते हैं, तो उनमें से अधिकांश अपना कार्यकाल पूरा किए बिना अपने मूल कार्यालय में वापस आ जाते हैं
(ङ) यदि हां, तो क्या विभाग सभी कर्मचारियों को उनकी सेवा अवधि के दौरान कम से कम एक कठिन राज्य क्षेत्र में तैनात किए जाने को सुनिश्चित करने के लिए नियमों में कोई परिवर्तन करने पर विचार कर रहा है; और
(च) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क)-(ख) दुर्गम राज्यों, विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत, में तैनात भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों को अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद 2-3 महीनों के अंदर उनकी पसंद के राज्य में तैनाती दे दी जाती है। हाल ही में, जून 2022 तक अपना कार्यकाल पूरा कर चुके दुर्गम राज्यों में तैनात सभी समूह 'ख' (गैर राजपत्रित) अधिकारियों के अंतर-क्षेत्रीय स्थानांतरण के लिए एक स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है।
(ग) समूह 'क' – 2 समूह 'ख' (राजपत्रित) – शून्य; समूह 'ख' (गैर-राजपत्रित) – 58 अधिकारियों के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं, परंतु उन्हें अभी कार्यमुक्त किया जाना है, समूह 'ग' – शून्य।
(घ) विवरण नीचे दिया गया है:

| **संवर्ग** | **कठोर राज्यों / क्षेत्रों में तैनात नहीं दी गई है** | **अपना कार्यकाल पूरा किए बिना मूल संवर्ग कार्यालय में लौट आए अधिकारी** |
|---|---|---|
| समूह क | 169 | 3 |
| समूह ख (राजपत्रित) | 792 | 107 |
| समूह ख (गैर-राजपत्रित) | 1344 | 44 |
| समूह ग | 931 | शून्य |

(ङ) स्थानांतरण दिशानिर्देशों में अभी कोई बदलाव प्रस्तावित / आरंभ नहीं किया गया है।
(च) प्रश्न नहीं उठता।

*******